संख्या–2612 /6–42/रा0प0/2015

प्रेषक,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद्,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

सेवा में,

आयुक्त,
कुमाँऊ मण्डल,
नैनीताल।

दिनांक : 03 ~~जुलाई~~ अगस्त, 2015

विषयः **मण्डलायुक्त कार्यालय में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पदों पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के पदोन्नति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या–2712/नौ–5/2014–15 दिनांक 15.07.2015 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मण्डलायुक्त कार्यालय में मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के कार्मिकों के स्वीकृत पदों के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु मार्गदर्शन चाहा गया है।

उक्त के क्रम में स्पष्ट करना है कि शासनादेश संख्या–825/18(1)/2014–3(13)/2010 दिनांक 23.06.2014 के द्वारा शासनादेश संख्या–1303/18(1)/10–3(13)/2010 दिनांक 08.12.2010 के प्रस्तर–1(क) में उल्लिखित मण्डल कार्यालय के पदों को संशोधित किया गया है, जिसके अनुसार आयुक्त कार्यालय नैनीताल के मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों के पदों की संख्या 13 के स्थान पर 14 संशोधित की गयी है, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के पदों की संख्या स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार 20 प्रतिशत के आधार पर 02 के स्थान पर 03 संशोधित की गयी है। तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पदों की संख्या 01 के स्थान पर शून्य दर्शायी गयी है। इस सम्बन्ध में यह भी स्पष्ट करना है कि मिनिस्ट्रीयल संवर्ग हेतु लागू स्टाफिंग पैटर्न की व्यवस्था में प्रतिशत के आधार पर पदों के विभाजन में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का पद सम्मिलित नहीं है। शासनादेश संख्या–1303 दिनांक 08.12.2010 के प्रस्तर–3 में स्पष्ट है कि जिन कार्यालय में 10 या इससे अधिक मिनिस्ट्रीयल कार्मिक हैं वहां पर 01 वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का अतिरिक्त पद रखा गया है, जो कि पूर्व स्वीकृत पदों के अतिरिक्त है। उक्त आधार पर मात्र जनपदों की 19 तहसीलों में ही वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के अतिरिक्त 19 पद सृजित किये गये हैं। शासनादेश संख्या–1303 दिनांक 08.12.2010 से आयुक्त, कुमाँऊ मण्डल कार्यालय का अतिरिक्त 01 वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का पद शासनादेश संख्या–825 दिनांक 23.06.2014 के द्वारा संशोधित/समाप्त किया गया है। चूंकि इस सम्बन्ध में परिषद् स्तर से उक्त अतिरिक्त पद समाप्त किये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया था। चूंकि मण्डलायुक्त कार्यालय में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का 01 पद पूर्व से ही स्वीकृत है।

शासनादेश संख्या–631(1)/18(1)/13–3(13)/2010 दिनांक 18.12.2013 के द्वारा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी का 01 पद सृजित किया गया है, जो कि 01 प्रशासनिक अधिकारी के पद को कम करते हुए सृजित किया गया है। इस प्रकार मण्डलायुक्त कार्यालयों में सृजित पदों की स्थिति निम्न प्रकार है :–

क्र0 सं0	मण्डल का नाम	पदों की कुल संख्या	कनिष्ठ सहायक 5200–20200 ग्रेड पे 2000	वरिष्ठ सहायक 5200–20200 ग्रेड पे 2800	प्रधान सहायक 9300–34800 ग्रेड पे 4200	प्रशासनिक अधिकारी 9300–34800 ग्रेड पे 4600	वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी 9300–34800 ग्रेड पे 4800	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी 15600–39100 ग्रेड पे 5400
1	गढ़वाल मण्डल पौड़ी	14	04	04	02	02	01	01
2	कुमाँऊ मण्डल, नैनीताल	15	04	04	03	02	01	01

अतः कृपया तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीया

(दमयंती दोहरे)
आयुक्त एवं सचिव।

प्रतिलिपि आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(दमयंती दोहरे)
आयुक्त एवं सचिव।